Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 17-08-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title: Need to streamline the functioning of National Inland Navigation Institute, Patna.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, जहाजरानी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पटना बिहार में जहाज से सम्बन्धित तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र (एन.आई.एन.आई.) की स्थापना की गई थी। इस संस्थान में सात कोर्सेज़ की पढ़ाई होनी थी, लेकिन दुर्भाग्यवश मात्र दो ही पाठ्यक्रमों की पढ़ाई वहां प्रारम्भ की गई। अब साजिश के तहत उन दोनों कोर्स की भी पढ़ाई बन्द कर दी गई है और सरकार इस एन.आई.एन.आई., गायघाट, पटना को पूर्ण रूप से बन्द कर देना चाहती है, यह एक साजिश हो रही है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के बाद शिपिंग कम्पनी में रोजगार नहीं दिया जा रहा है। वैसे ही बिहार अति पिछड़ा प्रदेश है। सरकार इस तरह के रोजगार से सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्र को अधिक से अधिक स्थापित कर बिहार के ि वकास में सहायक हो सकती है। दूसरी ओर संस्थापित संस्थानों को बन्द करने की साजिश हो रही है। यह बड़ी ही दुर्भ्यपूर्ण बात बिहार के लिए है। बिहार तो एक ऐसा पिछड़ा प्रदेश है, जहां इस तरह की संस्थाएं कुछ भी नहीं जा रही हैं। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप क्या चाहते हैं?

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : हम आपके माध्यम से यह चाहते हैं कि माननीय जहाजरानी मंत्री जी बिहार के साथ अन्याय नहीं होने दें और एन.आई.एन.आई. (नेशनल इनलैंड नेविगेशन इंस्टीट्यूट), गायघाट, पटना के सभी पाठ्यक्रमों को नियमित रूप से चालू करने की अनुमति दें। इससे बिहार के बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण प्राप्त कर शिपिंग कम्पनी में रोजगार मिलने का अवसर प्र ादान होगा।

वहां पहले जो दो पाठ्यक्रम थे, उनको भी बन्द कर दिया गया है। जैसा मैंने बताया था, वे दो पाठ्यक्रम तो प्रारम्भ करें ही, उसके अलावा पांच कोर्स, जिनको प्रारम्भ नहीं किया गया है, उनको भी प्रारम्भ करें ताकि बिहार के छात्रों को तकनीकी शिक्षा मिल सके और रोजगार के अवसर मिलें।

इन्हीं चन्द शब्दों के साथ मैं, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी बैठे हैं, ये माननीय मंत्री महोदय का ध्यान आकृट करें और यह जो कोर्स बन्द करने की कार्रवाई BÉEÉÒ VÉÉ ®cÉÒ cè, <ºÉ +ÉÉä® vªÉÉxÉ nå* [m93]